Bareilly, Friday,
20 February 2026
BAREILLY EDITION
Price ₹3.50/-
Pages 10

दैनिक जागरण inext

PAGE NO, 02, MIDDLE

देहरादून, इंदौर और गांधीधाम राष्ट्रीय टेबल टेनिस के लिए प्रशिक्षण शिविर शुरू

BAREILLY (19 Feb): उत्तर प्रदेश टेबल टेनिस संघ व खेल निदेशालय की ओर से जिले में विशेष प्रशिक्षण शिविर संचालित किया जा रहा है. 87वीं जूनियर अंडर-19 एवं यूथ-17 राष्ट्रीय टेबल टेनिस चैंपियनशिप 22 फरवरी से दो मार्च तक देहरादून में होगी. वहीं, सीनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप 14 से 21 मार्च 2026 तक इंदौर और कैडेट, सब-जूनियर एवं हाप्स राष्ट्रीय चैंपियनशिप 23 से 31 मार्च तक गांधीधाम में प्रस्तावित है.इन प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाली उत्तर प्रदेश टीम के 26 पुरुष एवं 24 महिलाओं समेत कुल 50 खिलाड़ियों का विशेष प्रशिक्षण शिविर 14 से 20 फरवरी तक श्री राममूर्ति स्मारक कालेज आफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी में क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी चंचल मिश्रा के निर्देशन में चल रहा है. खिलाड़ियों को सात प्रशिक्षकों की ओर से तकनीकी, फिटनेस एवं रणनीतिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है.